# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-V

**“मिशन शक्ति 5.0-शिक्षित नारी, सशक्त समाज,मिशन शक्ति का यही प्रयास”**

**थाना माल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कस्बा माल थाना माल लखनऊ में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों,सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सिखाए आत्मरक्षा के प्रभावी तरीके।**

**दिनांक 09.06.2026**

**लखनऊ, दिनांक: 22 अक्टूबर, 2025** - पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के तहत थाना माल क्षेत्र में रविवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ, के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इस क्रम में, जनपद के 54 थानों पर **मिशन शक्ति केंद्र** स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समर्पित अधिकारियों (निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक) की नियुक्ति की गई है।

***आयोजन/आयोजन स्थल-***

- ✓ म0उ0नि0 सपना देवी  थाना माल कमि0 लखनऊ
- ✓ म0का0 8194 नीलम भारद्वाज थाना **माल क्षेत्र**, लखनऊ के अंतर्गत **ग्राम कस्बा माल थाना माल लखनऊ** में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**आयोजक टीम-**

- म0उ0नि0 सपना देवी थाना माल कमि0 लखनऊ
- म0का0 8194 नीलम भारद्वाज
- थाना माल के अन्य महिला कर्मचारी उपस्थित रहे ।

**कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:-**

थाना **माल क्षेत्र,** लखनऊ के अंतर्गत **ग्राम कस्बा माल थाना माल लखनऊ** में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके **कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं** एवं **आत्मरक्षा के तरीकों** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं को क्रियाशील किया गया है, जिनमें महिला हेल्पलाइन, स्मार्ट सिटी कैमरे, और फील्ड पुलिस पेट्रोलिंग जैसे उपाय शामिल हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उन्हें आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने के तरीकों पर शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देना

कार्यक्रम के दौरान टीम ने महिलाओं को बताया कि **उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु** कई प्रभावी सेवाएँ संचालित की जा रही हैं, जैसे:

- **1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन)**
- **181 (महिला हेल्पलाइन)**
- **112 (आपातकालीन सेवा)**
- **1098 (चाइल्डलाइन)**
- **1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)**
- **UP-COP मोबाइल ऐप** का उपयोग

इसके साथ ही **स्मार्ट सिटी कैमरे**, **फील्ड पेट्रोलिंग यूनिट**, एवं **एंटी रोमियो स्क्वॉड** के कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

महिलाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

## मुख्य जागरूकता बिंदु:-

1. महिलाओं को **आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता** के लिए प्रेरित किया गया।
2. **"गुड टच" और "बैड टच"** के माध्यम से संवेदनशील विषयों पर जागरूकता बढ़ाई गई।
3. **साइबर अपराधों से सुरक्षा** हेतु सावधानी और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई।
4. **बाल विवाह निषेध, महिला अधिकार एवं सरकारी योजनाओं** से संबंधित जानकारी दी गई।
5. उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता हेतु **पम्फलेट और जानकारी पत्रक वितरित किए गए।**

## उद्देश्य एवं महत्व-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास करा रहा है, बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रख रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 09.06.2026**

**मिशन शक्ति 5.0- सुरक्षा, जागरूकता, अधिकार, यही तो है हमारा विश्वास।**

**थाना चिनहट टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत अमेटी यूनिवर्सिटी क्षेत्र मल्हौर में भ्रमण कर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम व महिला संबंधी अपराध के बारे में जागरूक करके मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई।**

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक **सराहनीय कदम** है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

**आयोजक/आयोजन स्थल**

- महिला मुख्य आरक्षी अमरावती दुबे, थाना चिनहट, लखनऊ कमिश्नरेट
- पिंक बूथ व एन्टीरोमियो महिला पुलिस टीम, थाना चिनहट, लखनऊ कमिश्नरेट
- चिनहट क्षेत्र में अमेटी यूनिवर्सिटी क्षेत्र मल्हौर में भ्रमणशील होकर

**प्रतिभाग-**

- महिला मुख्य आरक्षी अमरावती दुबे, थाना चिनहट, लखनऊ कमिश्नरेट
- पिंक बूथ व एन्टीरोमियो महिला पुलिस टीम, थाना चिनहट, लखनऊ कमिश्नरेट
- चिनहट क्षेत्र में अमेटी यूनिवर्सिटी क्षेत्र मल्हौर में भ्रमणशील होकरमहिलाओं एवं बच्चो को जागरूक किया।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 09.06.2026 को थाना चिनहट के मिशन शक्ति टीम द्वारा अमेटी यूनिवर्सिटी क्षेत्र मल्हौर में भ्रमणकर बच्चों को मिशन शक्ति अभियान के तहत बताया गया कि कौन कौन-से आचरण और व्यवहार अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा साइबर जागरूकता अभियान के महिलाओं को मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 112, 181, 1930 ,102, 108 तथा थाना स्थानीय पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र महिला हेल्प डेस्क एवं वर्तमान में हो रहे महिलाओं से संबंधित अपराधों के बारे में जागरूक किया गया ।

बच्चो को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी के साथ- साथ महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र व साइबर अपराधों के बारे में की जानकारी दी गई तथा हेल्प लाइन नंबरों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क , मिशन शक्ति केंद्र के

कार्यों के बारे में जानकारी एवं महिलाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

## कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु:

1. **अपराधों की पहचान:** बच्चों को यह बताया गया कि कौन-से आचरण और व्यवहार अपराध की श्रेणी में आते हैं।
2. **साइबर सुरक्षा जागरूकता:** साइबर अपराधों और साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
3. **गुड टच-बैड टच की शिक्षा:** बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में समझाया गया।
4. **महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:** महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया, जैसे:
   - **1076, 1090, 112, 181, 1930, 102, 108**
5. **सहायता केंद्रों का परिचय:** थाना स्तर पर संचालित **महिला सुरक्षा केंद्र**, **महिला हेल्प डेस्क** और **मिशन शक्ति केंद्र** के कार्यों और भूमिका से अवगत कराया गया।
6. **महिला उन्मुखी योजनाओं की जानकारी:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

## निष्कर्ष

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि **मिशन शक्ति 5.0** का यह जागरूकता कार्यक्रम एक समग्र और सर्वांगीण पहल थी। इसके माध्यम से न केवल बच्चों को उनके व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारों (जैसे गुड टच-बैड टच) और साइबर अपराधों से सजग कराया गया, बल्कि उन्हें और महिलाओं को उपलब्ध संसाधनों जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, थाना-स्तरीय सहायता केंद्र और सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का प्रयास किया गया।

**मिशन शक्ति 5.0** अभियान **सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण** के त्रिसूत्री लक्ष्य पर केंद्रित था। इसका उद्देश्य केवल अपराधों की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि एक ऐसा सुरक्षा-तंत्र विकसित करना था, जहाँ प्रत्येक बच्चा और महिला स्वयं को सुरक्षित, सजग और सहायता प्राप्त करने में सक्षम महसूस कर सके। यह कार्यक्रम 'सुरक्षित समाज' के निर्माण की दिशा में एक सार्थक और प्रशंसनीय कदम साबित हुआ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

***"मिशन शक्ति 5.0-महिलाओं व बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा साइबर अपराधों से बचाव हेतु किया जागरूक।***

**दिनांक-09.06.2026**

***थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा चांदगंज चौकी क्षेत्र थाना अलीगंज में महिलाओं ,बालिकाओं व छोटे बच्चों को पम्पलेट वितरण करके महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।***

महिला सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल, "मिशन शक्ति महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करता है जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, या किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण और पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है।

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

***मिशन शक्ति टीम थाना अलीगंज, जनपद लखनऊ***

- **उप निरीक्षक रविंद्र नाथ प्रजापति**
- **उप निरीक्षक शिवानी मिश्रा**
- **म0का0 वंदना**

***स्थान- चांदगंज चौकी क्षेत्र, थाना अलीगंज***

**प्रतिभाग-**

***मिशन शक्ति टीम थाना अलीगंज, जनपद लखनऊ***

- **उप निरीक्षक रविंद्र नाथ प्रजापति**
- **उप निरीक्षक शिवानी मिश्रा**
- **म0का0 वंदना**

***स्थान- थाना अलीगंज क्षेत्रान्तर्गत चांदगंज चौकी क्षेत्र , थाना अलीगंजमें महिलाओ एवं बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया।***

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित **मिशन शक्ति फेज-05 अभियान** के अंतर्गत आज दिनांक **09.06.2026** को **थाना अलीगंज, कमिश्नरेट लखनऊ** की मिशन शक्ति टीम द्वारा **चांदगंज चौकी क्षेत्र** में महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान महिलाओं एवं बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य एवं महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे **112, 1090, 181, 1076** एवं अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को **महिला सशक्तिकरण**, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, यूपी कॉप एप एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया गया तथा **साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** की जानकारी दी गई।

महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लें एवं हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें।

**उद्देश्य:**

1. **जागरूकता का प्रसार:** महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करना। इसमें नारी स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा और 'गुड टच-बैड टच' जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।
2. **मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका से परिचय कराना:** आम जनता, विशेष रूप से महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के कार्यों, उद्देश्यों और उपलब्ध सेवाओं (जैसे कानूनी सहायता, परामर्श, संरक्षण) की जानकारी देना ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर इनका लाभ उठा सकें।
3. **हेल्पलाइन सेवाओं का प्रचार-प्रसार:** महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न आपातकालीन और सहायता सेवाओं (जैसे 1090, 181, 112, 1098, 1930 आदि) के बारे में व्यापक पैमाने पर जानकारी पहुँचाना, ताकि संकट की स्थिति में तुरंत मदद ली जा सके।
4. **सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना:** एक ऐसे सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण का निर्माण करना जहाँ महिलाएं और बच्चे बिना किसी भय के अपना विकास कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।
5. **सामुदायिक सहभागिता:** एंटी-रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम के माध्यम से सीधे तौर पर समुदाय तक पहुँचकर, सुरक्षा और जागरूकता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

**दिनांक- 09.06.2026**

**मिशन शक्ति 5.0: "सुरक्षित महिला, सशक्त परिवार; जागरूक नारी, समृद्ध समाज।"**

***प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरोजनीनगर में जाकर महिलाओ व बच्चों की सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति के तहत किया गया विशेष कार्यक्रम, सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर एवं 'यूपी-कॉप' (UP COP) आदि के बारे में जागरूक कर महिलाओं को सशक्त बनाने और सहायता प्रदान करने की एक पहल।***

**उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण** और **पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के** मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

***मिशन शक्ति टीम-थाना सरोजनीनगर, कमिश्नरेट लखनऊ।***

- **महिला उ0नि0 पूजा यादव**
- **महिला उ0नि0 सुष्मिता सिंह**
- **पिंक बूथ व एन्टीरोमियो महिला पुलिस टीम**

**स्थान- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरोजनीनगर, थाना सरोजनीनगर, लखनऊ।**

**प्रतिभाग-**

***मिशन शक्ति टीम-थाना सरोजनीनगर, कमिश्नरेट लखनऊ।***

- **महिला उ0नि0 पूजा यादव**
- **महिला उ0नि0 सुष्मिता सिंह**
- **पिंक बूथ व एन्टीरोमियो महिला पुलिस टीम**

**स्थान- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, थाना सरोजनीनगर, लखनऊ में जाकर महिलाओ एवं बच्चो को किया गया जागरुक**

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक **09.06.2026** को थाना सरोजनीनगर, कमिश्नरेट लखनऊ की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान महिलाओं को **घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न एवं साइबर अपराध** से बचाव के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं को **1090 वूमेन हेल्पलाइन, यूपी डायल-112, 181, 1076, 1098, 101 एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त महिलाओं को **महिला हेल्प डेस्क, महिला पिंक बूथ, महिला सशक्तिकरण योजनाओं** एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना अथवा अपराध होने पर बिना संकोच पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

## "मिशन शक्ति 5.0" के प्राथमिक उद्देश्य-

केंद्रीय दर्शन:महिलाओं के समग्र कल्याण को बढ़ावा देना, जिसमें उनकी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

**सुरक्षा और सहायता (रक्षा):**

लक्ष्य: हिंसा की रोकथाम और कमी।

विधि: सुरक्षित वातावरण का निर्माण, त्वरित न्याय, कानूनी सहायता और पुनर्वास।

**आर्थिक सशक्तिकरण (स्वावलंबन):**

लक्ष्य: आर्थिक आत्मनिर्भरता।

विधि: कौशल विकास, उद्यमिता को बढ़ावा, रोजगार के अवसर, वित्तीय साक्षरता और बाजार से जोड़ना।

**सामाजिक सशक्तिकरण (सम्मान):**

लक्ष्य: लैंगिक समानता और अधिकारों की प्राप्ति।

विधि: शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण तक पहुंच, जागरूकता अभियान और निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं (सामाजिक, राजनीतिक) में भागीदारी।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

## मिशन शक्ति 5.0- हर कदम पर सुरक्षा, हर हाथ में शिक्षा, हर महिला का अपना अधिकार।

***थाना बिजनौर टीम द्वारा औरंगाबाद थाना बिजनौर जनपद लखनऊ में जाकर (महिलाओं और बच्चो) को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक।***

**दिनांक- 09.06.2026**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना बिजनौर द्वारा **न्यू औरंगाबाद** जनपद लखनऊ में जाकर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

### आयोजक/ अयोजन स्थल

- महिला उप-निरीक्षक आराधना वर्मा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- **महिला मुख्य आरक्षी मीना कुमारी,** थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट

**स्थान : न्यू औरंगाबाद, थाना बिजनौर, जनपद लखनऊ**

### प्रतिभाग-

- महिला उप-निरीक्षक आराधना वर्मा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- **महिला मुख्य आरक्षी मीना कुमारी,** थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट

**स्थान : न्यू औरंगाबाद, थाना बिजनौर, जनपद लखनऊ में जाकर** ग्रामीण महिलाओं व बालिकओं को किया गया जागरूक।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु संचालित **मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान** के अंतर्गत आज दिनांक **09.06.2026** को थाना बिजनौर पुलिस टीम द्वारा न्यू औरंगाबाद में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान आमजन को **112**, **1090**, **181**, **1076** सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही **महिला सुरक्षा केंद्र**, **महिला हेल्प डेस्क**, **यूपी कॉप एप** एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी सेवाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विशेष रूप से जागरूक करते हुए लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, फर्जी लिंक एवं ओटीपी साझा न करने के संबंध में जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल **साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** पर शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया।

## महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर

***महिला अपराध, साइबर अपराध एवं आपात स्थिति के लिए महत्वपूर्ण संसाधन***

- **1090 (महिला पावर लाइन):** महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत के लिए प्रमुख हेल्पलाइन।
- **112 (आपातकालीन सेवाएं):** किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एम्बुलेंस और अग्निशमन के लिए एकीकृत नंबर।
- **108 (एम्बुलेंस सेवा):** तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए।
- **1098 (चाइल्डलाइन):** बच्चों से जुड़ी किसी भी समस्या या संकट के लिए।
- **1076 (टोल-फ्री हेल्पलाइन):** सामान्य सहायता और जानकारी के लिए।

***डिजिटल संसाधन एवं पोर्टल***

- **साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल:** साइबर धोखाधड़ी, हैकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न आदि की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आधिकारिक पोर्टल।
- **यूपी कॉप ऐप (UP COP App):** उत्तर प्रदेश पुलिस का मोबाइल ऐप, जिसके माध्यम से त्वरित सहायता, लोकेशन शेयरिंग और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## निष्कर्ष एवं महत्व:

यह कार्यक्रम महिलाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें पुलिस की सहायता तक आसान पहुँच प्रदान करने के मिशन शक्ति के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित करता है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

### मिशन शक्ति 5.0- हर कदम पर सुरक्षा, हर हाथ में शिक्षा, हर महिला का अपना अधिकार।

***थाना बिजनौर टीम द्वारा औरंगाबाद थाना बिजनौर जनपद लखनऊ में जाकर (महिलाओं और बच्चो) को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक।***

**दिनांक- 09.06.2026**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना बिजनौर द्वारा **न्यू औरंगाबाद** जनपद लखनऊ में जाकर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

**आयोजक/ अयोजन स्थल**

- महिला उप-निरीक्षक आराधना वर्मा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- **महिला मुख्य आरक्षी मीना कुमारी,** थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट

**स्थान : न्यू औरंगाबाद, थाना बिजनौर, जनपद लखनऊ**

**प्रतिभाग-**

- महिला उप-निरीक्षक आराधना वर्मा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- **महिला मुख्य आरक्षी मीना कुमारी,** थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट

**स्थान : न्यू औरंगाबाद, थाना बिजनौर, जनपद लखनऊ में जाकर** ग्रामीण महिलाओं व बालिकओं को किया गया जागरूक।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने हेतु संचालित **मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान** के अंतर्गत आज दिनांक **09.06.2026** को थाना बिजनौर पुलिस टीम द्वारा न्यू औरंगाबाद में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान आमजन को **112, 1090, 181, 1076** सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही **महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, यूपी कॉप एप** एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित जनहितकारी सेवाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विशेष रूप से जागरूक करते हुए लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, फर्जी लिंक एवं ओटीपी साझा न करने के संबंध में जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल **साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** पर शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया।

## महिला सुरक्षा एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर

***महिला अपराध, साइबर अपराध एवं आपात स्थिति के लिए महत्वपूर्ण संसाधन***

- **1090 (महिला पावर लाइन):** महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत के लिए प्रमुख हेल्पलाइन।
- **112 (आपातकालीन सेवाएं):** किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एम्बुलेंस और अग्निशमन के लिए एकीकृत नंबर।
- **108 (एम्बुलेंस सेवा):** तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए।
- **1098 (चाइल्डलाइन):** बच्चों से जुड़ी किसी भी समस्या या संकट के लिए।
- **1076 (टोल-फ्री हेल्पलाइन):** सामान्य सहायता और जानकारी के लिए।

***डिजिटल संसाधन एवं पोर्टल***

- **साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल:** साइबर धोखाधड़ी, हैकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न आदि की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आधिकारिक पोर्टल।
- **यूपी कॉप ऐप (UP COP App):** उत्तर प्रदेश पुलिस का मोबाइल ऐप, जिसके माध्यम से त्वरित सहायता, लोकेशन शेयरिंग और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## निष्कर्ष एवं महत्व:

यह कार्यक्रम महिलाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें पुलिस की सहायता तक आसान पहुँच प्रदान करने के मिशन शक्ति के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित करता है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-952

दिनांक-09.06.2026

## अपराध शाखा / थाना ए.एच.टी. कमि0 लखनऊ

**ऑपरेशन मुस्कान के तहत एएचटीयू को इस माह की दूसरी बड़ी सफलता, गुमशुदा किशोरी सकुशल बरामद**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

गुमशुदा एवं बिछड़े हुए बच्चों की खोज, बरामदगी एवं पुनर्वास हेतु संचालित ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत लखनऊ पुलिस की थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (AHT) को इस माह एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना बीबीडी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 138/2024 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित लगभग 16 वर्षीय गुमशुदा किशोरी को दिनांक 09 जून 2026 को सकुशल बरामद कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 02 सितम्बर 2024 को थाना बीबीडी पर उक्त किशोरी के गुमशुदा होने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग को स्थानांतरित किया गया, जिसके उपरांत टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, इंटेलिजेंस डेवलपमेंट, मुखबिर तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं विभिन्न संभावित स्थानों पर लगातार फील्ड वेरिफिकेशन के माध्यम से उसकी तलाश की जा रही थी। प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप किशोरी को थाना बीबीडी क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया है। प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाने के लिए एएचटीयू द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। यह सफलता जून माह में थाना एएचटी की दूसरी महत्वपूर्ण बरामदगी है। इससे पूर्व दिनांक 04 जून 2026 को प्राप्त एक महत्वपूर्ण इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर थाना एएचटी टीम द्वारा दिल्ली से एक नाबालिग बालक को सकुशल रेस्क्यू कर उसके परिजनों से पुनर्मिलन कराया गया था। इसके अतिरिक्त हाल ही में लगभग चार वर्षों से लापता एक बालिका को भी सकुशल बरामद कर उसके परिवार से मिलवाया गया था। लगातार मिल रही इन सफलताओं से स्पष्ट है कि तकनीकी संसाधनों, इंटेलिजेंस आधारित पुलिसिंग, अंतरराज्यीय समन्वय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण के माध्यम से लखनऊ पुलिस गुमशुदा बच्चों की खोज एवं मानव तस्करी की रोकथाम हेतु पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

किरन यादव, आईपीएस, अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध),कमिश्नरेट लखनऊ ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान केवल एक पुलिस अभियान नहीं, बल्कि उन परिवारों की उम्मीदों को पुनर्जीवित करने का प्रयास है जिनके बच्चे किसी कारणवश उनसे बिछड़ गए हैं। थाना एएचटी की टीम तकनीकी विश्लेषण, इंटेलिजेंस डेवलपमेंट एवं संवेदनशील पुलिसिंग के माध्यम से गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यदि किसी को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, जबरन भिक्षावृत्ति, यौन शोषण अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो तो वह लखनऊ पुलिस की ऑर्गेनाइज्ड क्राइम हेल्पलाइन 7839861034 पर सूचना दे सकता है। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। आपकी एक सूचना किसी बच्चे को उसके परिवार से मिला सकती है तथा मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध को रोक सकती है।

**बरामद करने वाली पुलिस टीमः-**

- उ0नि0 सत्यपाल सिंह, थाना एएचटी, कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला आरक्षी पूजा भारती, थाना एएचटी, कमिश्नरेट लखनऊ

जारीकर्ता

थाना एएचटी, क्राइम ब्रांच,

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-953
दिनांक-09.06.2026

**जोन-उत्तरी/थाना-महिगवां**

- **थाना महिगवां पुलिस द्वारा भटके हुए मंदबुद्धि युवक को सकुशल संरक्षण में लेकर सम्पर्क कर परिजनों को किया सुपुर्द ।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 08/09.06.2026 को थाना महिगवां पुलिस टीम रात्रि गश्त एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र में मामूर थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में भटकता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा युवक को रोककर पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपना नाम आशीष शर्मा पुत्र वीरपाल शर्मा, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवासी वेली सिटी, इज्जतनगर, जनपद बरेली बताया। पूछताछ एवं उसके व्यवहार से युवक मंदबुद्धि प्रतीत हुआ तथा अपने परिजनों के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने में असमर्थ था।

युवक ने बताया कि वह दिनांक 07.06.2026 को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने हेतु लखनऊ आया था तथा रास्ता भटक जाने के कारण अपने घर वापस नहीं पहुंच सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना महिगवां पुलिस द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए युवक को आवश्यक जलपान कराकर उसकी सुरक्षा के दृष्टिगत थाना महिगवां लाया गया।

थाना पर युवक से शांतिपूर्वक एवं विस्तृत पूछताछ की गई, जिसके दौरान उसने अपने मामा कृष्ण पाल शर्मा तथा दूरभाष नम्बर की जानकारी दी। उक्त नम्बर पर संपर्क स्थापित करने पर युवक के पिता वीरपाल शर्मा निवासी वेली सिटी, इज्जतनगर, जनपद बरेली से संदिग्ध युवक आशीष शर्मा के बारे में पूछने पर बताया कि आशीष मेरा बेटा है जो उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल का पेपर देने के लिए लखनऊ गया था जो वापस घर नही लौटा है जिसको लेकर हम लोग काफी चिंतित हैं और खोज बीन कर रहे हैं ।

युवक के पिता को आशीष शर्मा उपरोक्त के बारे में अवगत कराया गया कि उनका पुत्र आशीष शर्मा थाना महिगवां पर सकुशल एवं सुरक्षित है तथा उसे अपनी सुपुर्दगी में लेने हेतु तत्काल थाना पर उपस्थित हो सकते हैं। वर्तमान में युवक को थाना महिगवां पर सुरक्षित संरक्षण में रखा गया है तथा उसे भोजन, जलपान एवं आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। परिजनों के थाना पर उपस्थित होने पर आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूर्ण कर युवक को सकुशल एवं सुरक्षित रूप से उनके सुपुर्द किया गया ।

थाना महिगवां पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्यवाही जनसेवा, मानवता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## 02- युवक का विवरण

- नाम – आशीष शर्मा
- पिता का नाम – वीरपाल शर्मा
- आयु – लगभग 22 वर्ष
- पता – वेली सिटी, इज्जतनगर, जनपद बरेली
- विशेष विवरण – मंदबुद्धि युवक

## 03- सहयोग करने वाली टीम थाना महिगवां लखनऊः-

1. थानाध्यक्ष श्री राधे श्याम मौर्य
2. उ0नि0 सतीश सिंह
3. उ0नि0 अमित सिंह
4. का0 लाल बहादुर
5. का0 अरविन्द कुमार

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-951

दिनांक-09.06.2026

**जोन- उत्तरी/ थाना-मड़ियांव**

***थाना मडियांव की पुलिस टीम द्वारा नकली नोटो को असली नोटो में बदलने वाले 03 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार करते हुए कुल 13,95,600/- रुपये की नकली करेन्सी बरामद।***

- *थाना मडियांव की पुलिस टीम द्वारा लाखों की नकली करेंसी के बरामद करते हुए किया नकली नोटो की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़।*
- *थाना मडियांव की पुलिस टीम द्वारा नकली नोटों के नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए बड़ी खेप में किये नकली नोट बरामद।*
- *थाना मडियांव की पुलिस टीम द्वारा किया नकली करेंसी तस्करी का खुलासा।*
- *फर्जी नोटों के जरिए अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की साजिश नाकाम।*
- *पकड़े गये अभियुक्तगण के कब्जे से नकली करेंसी के 500 रुपये के 1402 नोट (14 गड्डी), 100 रुपये के 6946 नोट (70 गड्डी) बरामद।*

**01-कार्यवाही।**

थाना मड़ियांव पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभावी चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी के दौरान **नकली करेंसी को असली करेंसी में बदलने वाले 03 नफर अभियुक्तगण** को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से **नकली करेंसी के 500 रुपये के 1402 नोट (14 गड्डी), 100 रुपये के 6946 नोट (70 गड्डी कुल 13,95,600/- रुपये (नकली करेन्सी)** बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी है।

**02-संक्षिप्त विवरण-**

**दिनांक 08.06.2026 को थाना मड़ियांव पुलिस** टीम देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म-जरायम, तलाश वांछित/वारंटी में **प्रधान मैरिज लान चौराहे पर** में मामूर थी। मुखविरखास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि घैला पुल के पहले दाहिने तरफ खाली पडे मैदान मे एक टीन शेड के पास तीन लडके मौजूद है जिनके पास नकली करेन्सी के नोट है और किसी व्यक्ति का इन्तजार कर रहे है यदि जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते हैं, इस सूचना पर मुखविरखास द्वारा बताये गये व्यक्तियों को पकड़ लिया गया।

**पकड़े गये व्यक्तियो से नाम पता पूछने पर पहले व्यक्ति ने अपना नाम आलोक सिंह पुत्र स्व0 देवेन्द्र सिंह निवासी गम्भीरवन थाना जहानागंज जनपद आजमगढ उम्र 21 वर्ष, दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सोनू गौंड उर्फ गोलू पुत्र बेचू गौंड निवासी ग्राम रामपुर मुबारक पट्टी बनकट थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ उम्र 25 वर्ष तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम बृजेश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 बालचन्द्र विश्वकर्मा निवासी सारगढ थाना सिधारी जनपद आजमगढ उम्र 35 वर्ष बताया।**

**तलाशी एवं पूछताछ के** दौरान पकड़े गये अभियुक्तगण के कब्जे से **नकली करेन्सी के 500 रुपये के 1402 नोट (14 गड्डी), 100 रुपये के 6946 नोट (70 गड्डी) कुल 13,95,600/-** रुपये नकली करेन्सी हुए।

पकड़े गये अभियुक्तगण को उनके द्वारा कारित अपराध एवं जुर्म धारा 179/180 बीएनएस से अवगत कराते हुए नियमानुसार दिनांक 08.06.2026 को समय करीब 17.15 बजे नियमानुसार कार्यवाही करते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

**बरामदगी के आधार पर थाना मड़ियांव पर मु0अ0सं0-273/2026 धारा 179/180 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।**

***अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अन्य जनपदों एवं थानों से जानकारी की जा रही है।***

**03.अपराध करने का तरीका (Modus Operandi):-**

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा नकली नोट को असली नोट में बदल कर अपने साथियों को दे देना तथा अपना कमिशन लेकर अपने शौक पूरे करना।

**04.अभियुक्तों का विवरण:-**

***01.*** **आलोक सिंह पुत्र स्व0 देवेन्द्र सिंह निवासी गम्भीरवन थाना जहानागंज जनपद आजमगढ उम्र 21 वर्ष (व्यव्साय – खेती)**

***02.*** **सोनू गौंड उर्फ गोलू पुत्र बेचू गौंड निवासी ग्राम रामपुर मुबारक पट्टी बनकट थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ उम्र 25 वर्ष (व्यव्साय – चाय की दुकान)**

***03.*** **बृजेश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 बालचन्द्र विश्वकर्मा निवासी सारगढ थाना सिधारी जनपद आजमगढ उम्र 35 वर्ष (व्यव्साय – लोन दिलवाने का काम)**

**05-आपराधिक इतिहास अभियुक्त सोनू गौंड उर्फ गोलू उपरोक्त:-**

1. **मु0अ0सं0 367/2023 धारा 323/376/504/506 भादवि थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़**

**06.अनावरित अभियोग:-**

01. मु0अ0सं0- 273/2026 धारा 179/180 बीएनएस थाना मडियांव जनपद लखनऊ

**07.बरामदगी का विवरण:-**

- 500 रुपये के 1402 नोट (14 गड्डी) नकली करेन्सी।
- 100 रुपये के 6946 नोट (70 गड्डी) नकली करेन्सी।
- घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोबाइल फोन।

**नोट-*****पुलिस उपायुक्त उत्तरी द्वारा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 10000/-रुपये(दस हजार रुपये) के नगद पुरुस्कार से पुस्कृत किया गया है।***

**07.गिरफ्तार करने वाली वाली पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवानन्द मिश्र
2. उ0नि0 श्री नितिन कुमार
3. उ0नि0 श्री अखिलेश सिंह
4. उ0नि0 श्री शुभम तिवारी (थाना अलीगंज लखनऊ)
5. उ0नि0 श्री पुष्पेन्द्र चौधरी
6. उ0नि0 श्री ज्ञानेन्द्र ज्ञौंड
7. उ0नि0 श्री सत्येन्द्र कुमार
8. हे0का0 2015 गौरव कुमार सिंह
9. हे0का0 267 दुर्गेश सिंह
10. हे0का0 162 आकाश सिंह
11. हे0का0 पवन कुमार
12. का0 दिग्विजय यादव
13. का0 मयंक कुमार
14. का0 मन्जीत सिंह
15. का0 सचिन दुबे